**खबर संक्षेप**

### नवोदय में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु प्रवेश पत्र जारी

**कटनी।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए ऑनलाईन प्रवेश पत्र जारी कर दिये गये हैं। विद्यालय प्राचार्य प्रेम प्रकाश ने बताया कि अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय की वेबसाईट पर जाकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिये विद्यार्थी को पंजीयन संख्या एवं जन्मतिथि की आवश्यकता होगी। इस प्रवेश परीक्षा हेतु कुल 7055 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी किये गये हैं। यह परीक्षा विकासखण्ड रीठी, कटनी, बड़वारा, विजयराघवगढ़, बहोरीबन्द एवं ढीमरखेड़ा के 19 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र पर अंकित केन्द्र पर शनिवार 13 दिसम्बर 2025 को सुबह 10:30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी प्रवेश पत्र पर अंकित है। जिन अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में समस्या हो रही हो वह कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी व जन शिक्षकों के माध्यम से अथवा नवोदय विद्यालय के लैंडलाईन नंबर 07626 & 276281 में संपर्क कर सकते हैं।

**उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का मामला, जांच में कहा सामान्य डिलेवरी हो जाएगी**

# प्रसव के बाद महिला की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही करने का आरोप

सरकारी अस्पतालों में आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आती रहती है जब इलाज में लापरवाही बरतने पर किसी न किसी की जान चली जाती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक प्रसूता की प्रसव उपरांत मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि जांच के समय नर्सों द्वारा सब कुछ ठीक होना और सामान्य प्रसव होने की जानकारी बताई गई। सोमवार सुबह प्रसूता ने एक नवजात को जन्म दिया लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो जाने से परिजन आक्रोशित हो गये।



हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उमरियापान में प्रसव के दौरान प्रसूता की मौत होने के बाद परिजनों ने समय पर जानकारी नहीं देने, इलाज नहीं करने और लापरवाही बरतने के आरोप लगाया हैं।

जानकारी के अनुसार ढीमरखेड़ा तहसील के पोंडी कला बी निवासी साहू ने बताया कि उसकी पत्नि उमा साहू को रविवार देररात प्रसव पीड़ा हुई जिस पर परिजनों ने महिला को उमरियापान अस्पताल में भर्ती कराया था। ड्यूटी में तैनात नर्सों ने चैकअप करने के बाद बताया कि महिला को कोई दिक्कत नहीं है। यहीं सामान्य डिलेवरी हो जाएंगी। परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके बाद स्टॉफ नर्से अपने कमरे में जाकर सो गई। परिजनों ने कई बार पूछा कि अभी तक डिवेलरी नहीं हो रही तो उन्होंने कुछ भी नहीं बताया और न ही रेफर किया। सोमवार सुबह करीब 6 बजे महिमा ने बच्ची को जन्म दिया। महिला को अधिक पीड़ा हूई और महिला की मौत हो गई।

महिला के परिजनों नें नर्सो को बुलाया और अस्पताल में मौजूद डॉक्टर को बुलाने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने महिला की मौत होने बता दिया। जानकारी लगने पर महिला के परिजन अस्पताल में एकत्रित हो गए।

महिला के परिजनों का आरोप है कि उमरियापान अस्पताल में महिमा को भर्ती तो कर लिया गया, लेकिन महिला की हालत बिगड़ी तो बताया भी नहीं और न ही किसी ने सही इलाज किया। परिजन स्टाफ नर्स और डाक्टर को बुलाकर मरीज को देखने के लिए गुहार लगाते रहे लेकिन स्टाफ अपने कमरे में गहरी नींद में सोता रहा।

### इनका कहना है

इस सम्बंध में बीएमओ डॉ. बी.के. प्रसाद का कहना है कि महिला के परिजनों और स्टॉफ से जानकारी ली जाएगी। हालात क्यों बिगड़े, किन कारणों से महिला की मौत हुई है। परिजनों ने जो भी आरोप लगाए हैं,मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।



## एसडीएम ने केन्द्रों में व्यवस्थाएं दुरूस्त करने केन्द्र प्रभारियों को दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत कृषकों से धान उपार्जन के दौरान कृषकों को सुलभ उपार्जन सुविधा मुहैया कराने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी ने सोमवार को खरीदी केन्द्र पिपरौध श्रीकृष्णा वेयर हाउस पीरबाबा तथा पूर्व में निर्धारित किये गये खरीदी केन्द्र ओम वेयर हाउस पडुआ का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान, मौके पर खरीदी केन्द्र में तौलकांटा, ग्रेडर, बारदाना, स्टेन्सिल, माइश्चर मीटर, सिलाई मशीन धागा आदि उपलब्ध पाये गये। उपार्जन केन्द्र में लगभग 300 किसान पंजीकृत है, जिनका उपार्जन किया जायेगा।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री चतुर्वेदी ने किसानो के बैठने हेतु कुर्सियों, टेन्ट, पेयजल आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने हेतु खरीदी केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया। वेयरहाउस के निरीक्षण में कुछ भाग पर चावल रखा हुआ पाया गया तथा अन्य कोई धान्य का भंडारण नहीं पाया गया।

इसके पूर्व एसडीएम श्री चतुर्वेदी द्वारा शुक्रवार 28 नवम्बर को तहसील रीठी तथा शनिवार 29 नवम्बर को तहसील कटनी शहर एवं ग्रामीण के उपार्जन केन्द्र के समिति प्रबंधकों एवं खरीदी केन्द्र प्रभारियों की बैठक ली गई थी। जिसमें शासन के नियमों का पालन करते हुए केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने तथा सुगमता पूर्वक उपार्जन कार्य सम्पन्न कराने के निर्देश दिये गये थे।

बैठक में सर्व संबंधित खाद्य निरीक्षकों, सहकारिता विस्तार अधिकारियों सहित समिति प्रबंधकों एवं खरीदी केन्द्र प्रभारियों की उपस्थिति रही।

*कलेक्टर ने एसआईआर एवं राजस्व मामलों की वर्चुअली समीक्षा कर दिये निर्देश*

# उपार्जन केन्द्रों में तीसरी नजर से निगरानी सीसीटीवी कैमरे लगवाने दिये गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के सुचारू एवं व्यवस्थित कार्य संपादन हेतु अधिकारियों को खरीदी केन्द्र प्रभारियों के सतत संपर्क में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी 89 खरीदी केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की हिदायत दी। ताकि खरीदी केन्द्र की सभी गतिविधियों पर निगाह रखी जा सके। कलेक्टर ने यह निर्देश सोमवार को गूगल मीट वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी आपसी समन्व्य से और पूरी गंभीरता से खरीदी कार्य संपादित कराया जाना सुनिश्चित करें। किसी भी स्थिति में बाहर की और अवैध रूप से गैर पंजीकृत किसानों के धान की बिक्री न होने पाये यह भी सुनिश्चित हो। अधिकारी सतत रूप से वेयरहाउसों की जांच करें और कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने सिकमी किसानों के तौर पर धान बेचने हेतु पंजीकृत किसानों का सत्यापन करने अधिकारियों को हिदायत दी। इसके साथ ही हर तहसील के 20 सबसे अधिक रकबा वाले पंजीकृत किसानों का भी सत्यापन सुनिश्चित किया जाय। जिसमें कृषकों के रकबे, उसमें बोई गई फसल व उपार्जित स्कंध का भौतिक सत्यापन कर संबंधित राजस्व अधिकारी तत्काल निर्धारित प्रारूप में प्रतिवेदन दें। उन्होंने नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी को निर्देशित किया कि खरीदी केन्द्रों में सर्वेयरों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। जिले के 84 खरीदी केन्द्रों के अलावा स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित होने वाले 5 समूह बरही तहसील में खुलेंगे। इनमें दो खरीदी केन्द्र गोदाम स्तरीय और 3 समिति स्तरीय खरीदी केन्द्र होंगे। संबंधित समूहों से समन्वय बनाकर व्यवस्थित उपार्जन सुनिश्चित करने कलेक्टर श्री तिवारी ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री तिवारी ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। इस दौरान बताया गया कि जिले में 96.51 फीसदी डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य को भी शीघ्र पूर्ण करने कलेक्टर ने निर्देश दिये। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को अभियान स्वरूप में लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरणों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीमांकन के साथ-साथ नामांतरण व बंटवारा प्रकरणों के निराकरण पर भी विशेष ध्यान देने की हिदायत दी।

इस दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, सभी एसडीएम, सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार, जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील, जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम देवेन्द्र तिवारी, मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग सहित अन्य अधिकारी वर्चुअली जुड़े थे।

# ईंट भट्टे में काम करने वाले युवक का पेड़ से लटका मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरही थाना क्षेत्र में सोमवार को एक 25 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान बरही वार्ड 13 निवासी गुरु कोल के रूप में हुई है। पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। गुरु कोल अपने माता-पिता और तीन बहनों के साथ रहता था। वह अपने भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था, जिसमें एक बड़ी बहन और दो छोटी बहनें शामिल हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

एडिशनल एसपी संतोष डेहरिया ने बताया कि घटना के दिन गुरु के माता-पिता ईंट-भट्टे पर काम के लिए गए हुए थे। घर पर गुरु अपनी छोटी बहन के साथ था। गुरु को एक फोन आया, जिसके बाद वह घर से बाहर चला गया।

सोमवार सुबह जब परिजन ईंट-भट्टा पहुंचे, तभी उन्हें गुरु का शव पेड़ पर लटका होने की जानकारी मिली। पुलिस को घटनास्थल से कुछ महत्वपूर्ण चीजें मिली हैं, जिनमें गुरु का मोबाइल फोन और उसकी बाइक की चाबी शामिल हैं। हालांकि, गुरु के गले में बंधा मफलर उसका अपना था या किसी और का, इस पर पुलिस ने अभी स्थिति स्पष्ट नहीं की है।

### जांच में जुटी पुलिस

पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके। एडिशनल एसपी संतोष डेहरिया ने बताया कि पुलिस इस मामले में किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों ही एंगल से मामले की गहन जांच कर रही है।

# जागरूकता ही एड्स से बचाव का उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



विश्व एड्स दिवस पर सोमवार को स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे ने कहा कि एच.आई. व्ही एड्स बीमारी से बचाव के लिये हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। एड्स असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त के आदान प्रदान से एवं एड्स संक्रमित गर्भवती महिला से जन्म लेने वाले शिशु को, आदि कारणों से फैलता है। इस बीमारी का एकमात्र इलाज सिर्फ इसका बचाव ही है। इसलिए इस बीमारी से बचने के लिए इसके कारण, लक्षण एवं बचाव के तरीकों के प्रति लोगों की जागरुकता की अत्यधिक आवश्यकता है। यदि किसी व्यक्ति में एड्स का संक्रमण है तो उसके शरीर में व्याप्त तरल पदार्थों के दूसरे के शरीर में प्रवेश करने से ही एड्स की बीमारी होती है अन्य किसी भी कारण जैसे की संक्रमित व्यक्ति के साथ बैठने, रहने, खाने, वार्तालाप करने, वस्तु के आदान प्रदान आदि अन्य किसी भी कारणों से एड्स नही फैलता है ।

प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ प्रीति नेगी ने कहा कि हम सभी को एच.आई.व्ही से बचाव के लिये अपनी अपनी जिम्मेदारी लेनी होगी और प्रत्येक व्यक्ति सुरक्षित व्यवहार अपनायेगा तो यह बीमारी छु भी नही सकती क्योंकि एच.आई.व्ही इतनी तेजी से अपना पाँव पसारता जा रहा है कि हम सभी को इसे गंभीरता से लेना होगा और समुदाय को भी आगे आना होगा। इस दौरान प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय,डॉ प्रीति यादव,डॉ शैलेंद्र जाट,डॉ भारती यादव,डॉ भरत तिवारी,डॉ बालेंदु सिंह, डॉ सपना द्विवेदी, सुश्री प्रज्ञा तिवारी, मनोरमा चौधरी, श्रेया मिश्रा,अंजना पांडेय व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### नाबालिग ने बच्ची जन्मी

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र में नाबालिग द्वारा बच्ची को जन्म देने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रेत कंपनी में कार्यरत एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। सोमवार को पकड़े गए आरोपी की पहचान कुलदीप सिंह, निवासी मुरैना, के रूप में हुई है। यह मामला 24 नवंबर को तब उजागर हुआ जब बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के लिए आई युवती के नाबालिग होने की पुष्टि हुई। स्वास्थ्य विभाग ने तुरंत बड़वारा पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। एएसपी डॉ. संतोष कुमार डेहरिया ने बताया कि आरोपी कुलदीप सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

**केन्द्रों में सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के दिये निर्देश**

# अधिकारियों ने उपार्जन केन्द्रों में व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए सोमवार से शुरू हुई धान खरीदी केन्द्रों में समुचित व्यवस्थाओं की उपलब्धता का निरीक्षण करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में सभी एसडीएम, तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों ने उपार्जन केन्द्रों पर पहुंचकर जरूरी व्यवस्थाओं और इंतजामों का औचक निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने सभी 84 खरीदी केन्द्रों मे पहुंचकर तौल कांटों, वारदानों की उपलब्धता, सिलाई मशीन और किसानों के लिये पेयजल की उपलब्धता, बारिश के दौरान उपज के बचाव हेतु तिरपाल, खरीदी के बैनर, सीसीटीव्ही कैमरे की स्थापना, ग्रेडर छन्ना, स्टेन्सिल, माइश्चर मीटर, धागा और किसानों के बैठने के लिए कुर्सी, टेन्ट और पेयजल की उपलब्धता आदि का औचक निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों ने खरीदी केन्द्र प्रभारियों को दिये। अधिकारियों ने खरीदी केन्द्र प्रभारियों को ताकीद किया कि किसी भी हाल में बाहरी व्यक्तियों और दलालों, बिचौलियों और व्यापारियों की धान खरीदी न हो यह सुनिश्चित किया जाय।

एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि सिंह गोहल ने मुरवारी, दशरमन, कछारगांव, सिलौंड़ी व कचनारी खरीदी केन्द्रों और बहोरीबंद एसडीएम राकेश चौरसिया ने सिंहुड़ी, बरही, बहोरीबंद, सलैया पटोरी और सिंदूरसी उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने खरीदी केन्द्र पिपरौंध, श्री कृष्णा वेयरहाउस पड़ुआ का निरीक्षण किया। विजयराघवगढ़ एसडीएम विवेक गुप्ता ने अमेहटा, कारीतलाई, सलैया कोहरी और विजयराघवगढ़ के धान उपार्जन केन्द्रों में पहुंचे। इसके अलावा तहसीलदार आकाशदीप नामदेव ने बहोरीबंद तहसील के जुजावल नरसिंह वेयरहाउस, खमतरा, कौड़िया, तेवरीधुरी और ऋषि गौतम ने बड़वारा के निगहरा, बसाड़ी बड़वारा, भदौरा व लखाखेरा तथा खगेश भलावी नायब तहसीलदार ने ग्राम बकलेहटा और बड़गांव उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोबा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता- सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्पिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्पिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### शांति महायज्ञ के समापन पर निकली शोभायात्रा

**कटनी।** चन्द्रप्रभु बंगला मंदिर में समोशरण विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के समापन पर 151 इन्द्र इन्द्राणियों की भव्य शोभायात्रा धर्मप्रभावना हेतु कार्यक्रम स्थल से प्रारंभ होकर शंभू टाकीज, शहीद द्वार, गजानन टॉकीज चौराहा, सिल्वर टॉकीज रोड़, कपड़ा बाजार, सराफा बाजार, बड़े जैन मंदिर, महावीर चौक, साधूराम हाईस्कूल, सुभाष चैक, मेन रोड़ गोलाबाजर, हीरागंज से होते हुये कार्यक्रम स्थल में जाकर समाप्त हुई। यात्रा में सबसे आगे डी.जे. पर भजन गाते युवाओं की टोली 11 बघियों पर सवार प्रमुख पात्र रथ पर सवार श्रीजी एवं मुनिश्री पदम सागर महाराज के साथ भक्तजन एवं इन्द्र इन्द्राणी शामिल हुये जगह-जगह में रंगोली सजाकर आरती उतारकर श्री जी आगवानी की गई। समापन अवसर पर सामाजिक वत्सल्य भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। दोपहर में सिंगापुर निवासी विनोद कुमार अर्चना जैन द्वारा नवीन संत भवन हेतु लगभग 2000 वर्गफुट जमीन देने की घोषणा के पश्चात मुनिश्री के सानिध्य में भूमिपूजन एवं शिलायें रखी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन एवं माताऐं बहनें उपस्थित रही।

### कोदो की रोटी खाने से तीन की बिगड़ी हालत

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड चौकी क्षेत्र के इंडिया होटल के पीछे कुठला बस्ती में कोदो की रोटी खाने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की अचानक तबियत बिगड़ गई। तीनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार कैलाश पटेल 46 वर्ष, राधा पटेल 45 वर्ष, और तुलसा पटेल द्वारा रविवार शाम 5 बजे घर पर कोदो की रोटी का सेवन किया गया था, जिसके कुछ देर बाद ही उनकी अचानक तबियत बिगड़ने लगी। जिसके बाद परिजनों ने तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर तीनो इलाज किया जा रहा है।

### अधूरी नाली और सीसी रोड निर्माण नहीं होने से बढ़ी परेशानी

**सिलौंडी।** सिलौंडी के वार्ड 3 में छह माह से अधूरी नाली निर्माण और सी सी रोड के कारण पूरे वार्ड के लोगों को आने जाने में बहुत दिक्कत हो रही है । पंच शिवकुमार पटेल , लालजी साहू ,राम कुमार साहू , छुटकी बर्मन ने बताया कि छह माह पहले जनपद पंचायत निधि लागत 5 लाख से वार्ड 2, 3 में नाली निर्माण और सी सी निर्माण का कार्य शुरू हुआ था। पंचायत ने अधूरा निर्माण करके ही कार्य बंद कर दिया। छह माह से पूरे मोहल्ले वासियों को आने जाने वाहन लगाने में बहुत परेशानी हो रही है। अनेक बार ग्राम पंचायत भवन में शिकायत किया परन्तु बार बार लेबर की कमी बोलकर निर्माण कार्य बंद किया है। छह माह से पूरा मोहल्ला परेशान है मगर प्रशासन हम सभी की सुध नहीं ले रहा। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द अधूरे नाली निर्माण और सीसी निर्माण को पूरा करने की मांग किया है।

### ड्रोन द्वारा नैनो-यूरिया का किया गया छिड़काव

**कटनी।** विकास खंड बहोरीबंद के ग्राम तेवरी में कृषि विभाग द्वारा ड्रोन तकनीक का उपयोग करके प्रगतिशील कृषक एवं भूतपूर्व किसान मित्र पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर के खेत में 10 एकड़ आलू की फसल में नैनो यूरिया, मैनकोजेब और ह्यूमिक तरल का सफल छिड़काव किया गया। कृषि विभाग की तकनीकी पहल पर विकास खंड बहोरीबंद में इफको द्वारा तीन कृषि विमान (ड्रोन) उपलब्ध कराए गए हैं, जो पठार क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाकर, विकासखंड मुख्यालय की ग्राम पंचायत बहोरीबंद और स्लीमनाबाद तहसील की ग्राम पंचायत तेवरी में कार्यशील है। इस पहल के माध्यम से, किसान अब कम लागत और उच्च दक्षता के साथ उर्वरकों का उपयोग कर पा रहे हैं। तेवरी गाँव के किसान पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर ने इस अनुभव को साझा करते हुए बताया कि कृषि विभाग की पहल पर ड्रोन द्वारा मेरे 10 एकड़ खेत में लगी आलू की फसल में दवा का छिड़काव किया गया। मुझे यह प्रक्रिया बहुत ही शानदार लगी। यह तकनीक अत्यंत प्रभावी है। इसमें दवा की बर्बादी नहीं होती।

---

**योजनाओं की प्रगति, विकास कार्यो सहित लंबित आवेदनों की हुई विस्तृत समीक्षा**

# 9 अवैध मैरिज गार्डनों में गूंज रही शहनाई, निगमायुक्त ने कार्यवाही करने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति सहित नगर निगम के माध्यम से कराये जाने वाले विकास कार्य एवं समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की शाखावार विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने विभागीय अधिकारियों को ई-नगरपालिका पोर्टल 2.0 परियोजना के अंतर्गत विभिन्न मॉड्यूल के यूएटी के संचालन हेतु ट्रेनिंग प्राप्त निर्धारित मॉडयूल्स में ही कार्यालयीन कार्य कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं निगम की विभिन्न शाखाओं जल प्रदाय विभाग, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, भवन अनुज्ञा, अतिक्रमण शाखा, स्वास्थ्य विभाग विद्युत विभाग, विधि शाखा, योजना शाखा आदि के समय-सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु चिन्हित पत्रों एवं शिकायतों की समीक्षा की जाकर जिनमें पत्रों का निराकरण किया जा चुका है, उसमें शिकायतकर्ताओं से बात करने तथा लंबित पत्रों पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए प्रतिवेदन संपूर्ण जानकारी सहित दर्ज करने के निर्देश शाखा प्रमुखों को दिए।

निगमायुक्त ने नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत समग्र से आधार की ई-केवाईसी कार्य तथा निगम के बकाया करों की वसूली हेतु निगम के जोन कार्यालयों में शिविरों का आयोजन करने के साथ ही शिविरों का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश उपायुक्त शैलेष गुप्ता एवं राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक को दिए। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने नगरीय क्षेत्र में आवासीय पट्टे के वितरण की कार्यवाही हेतु वार्ड के टेक्स कलेक्टरों का पूर्व में जारी आदेश अनुसार दल करते हुए इस कार्य को गति प्रदान कर शीघ्र पूर्ण करानें के निर्देश राजस्व अधिकारी को दिए।

#### सड़कों के गड्ढों की करें फिलिंग

नागरिकों के सुगम आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए बरगवां मुख्य मार्ग में गड्ढों की फिलिंग कार्य की समीक्षा करते हुए नगर के अन्य वार्डो में परफार्मेंस गारंटी के कार्यो की जांच कर कमियों को दुरूस्त करने तथा शेष मुख्य मार्गो के गढडों की फिलिंग कार्य में गति लाने के निर्देश प्रभारी कार्यपालन यंत्री असित खरे को दिए।

निगमायुक्त ने निगम की सुचारू कार्य व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए वर्कशॉप को दुरुस्त करने हेतु संपूर्ण आकलन करने तथा उचित स्थल एवं कर्मचारियों की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

#### अवैध मैरिज गार्डन पर करें कार्यवाही

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने समीक्षा बैठक के दौरान नगर में संचालित वैध एवं अवैध मैरिज गार्डन की जानकारी चाहे जाने पर प्रभारी कार्यपालन यंत्री द्वारा बताया गया कि कुल 23 मैरिज गार्डन नगर में संचालित है जिसमें 14 द्वारा अनुमति प्राप्त की गई है तथा 9 मैरिज गार्डन के संचालकों द्वारा बिना अनुमति मैरिज गार्डन का संचालन किया जा रहा है। जिसपर निगमायुक्त द्वारा अवैध रूप से संचालित मैरिज गार्डन संचालकों को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक के दौरान फिश पार्लर हेतु दो स्थलों का चयन करने , प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रेम नगर में चल रहे विद्युतीकरण कार्य में गति लाने, अतिक्रमण अभियान निरंतर चलाकर मुख्य मार्गो में अतिक्रमण हटाने, सेप्टिक टैंकों की सफाई किये जाने हेतु आवेदन की प्रक्रिया का प्रचार -प्रसार करने के साथ ही आवारा मवेशियों पर कार्यवाही करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए।

---



# फारेस्टर वार्ड में अव्यवस्थाएं देख कर महापौर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने सोमवार को फारेस्टर वार्ड का औचक निरीक्षण किया। वार्ड की गलियों में पैदल भ्रमण करते हुए महापौर ने सफाई व्यवस्था अव्यवस्थित पाए जाने पर गहरी नाराज़गी व्यक्त की। उन्होंने क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक को वार्ड की प्रतिदिन सफाई कराने, नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा कचरे को समय पर उठवाने के स्पष्ट निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने वार्ड के नागरिकों से सीधे संवाद कर यह जानकारी ली कि वार्ड में कब-कब सफाई होती है और किन समस्याओं का उन्हें सामना करना पड़ता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कचरा सड़कों पर न फेंकें, बल्कि स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग दें, ताकि वार्ड को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सके।

वार्ड भ्रमण के दौरान महापौर ने खुले पड़े नाले को देखकर असंतोष जताया और क्षेत्रीय उपयंत्री को नाले की कवरिंग शीघ्र कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खुले नाले न केवल संक्रमण फैलाते हैं बल्कि दुर्घटना की संभावनाएँ भी बढ़ाते हैं, इसलिए इन्हें तुरंत कवर किया जाना आवश्यक है।

महापौर सूरी ने वार्ड में स्थित बंद पड़े सुलभ कॉम्प्लेक्स का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहाँ पानी और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराते हुए कॉम्प्लेक्स को शीघ्र शुरू करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद सुनीता कमलेश चौधरी, एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, पार्षद वंदना राजकिशोर यादव, उपयंत्री संजय मिश्रा आदि की उपस्थिति रही।

---

**महाविद्यालय में गीता जयंती पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

# गीता का ज्ञान हर इंसान के जीवन का है प्रकाश, उपदेशो पर डाला गया प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में गीता जयंती मनाई गईं। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर किया गया। प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने कहा कि गीता जयंती वह पावन दिन है जब भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कुरुक्षेत्र में श्रीमदभागवत गीता का दिव्य ज्ञान दिया था। गीता का ज्ञान हर इंसान के जीवन का प्रकाश है, इसलिए गीता को पढ़े, समझे ओर अपने जीवन में अपनाये। प्राचार्या ने कहा कि यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत, अभ्युत्थानम धर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम अर्थात कर्म की प्रधानता का बोध कराता भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों का सार-ग्रंथ 'श्रीमद्भगवद्गीता' युगों-युगों तक मानव समुदाय का मार्गदर्शन व कल्याण करती रहेगी।

गीता जयंती कार्यक्रम में शामिल हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ किरण खरादी ने कहा कि जब महाभारत का युद्ध शुरू हुआ तब अर्जुन ने शत्रुओं के रूप में अपनों को देखा तब वह बहुत दुखी हो गए और उन्होंने कुरुक्षेत्र की रणभूमि में भगवान श्रीकृष्ण से कहा भगवन में यह युद्ध नहीं लड़ सकता। अर्जुन ने कहा की अपने ही बंधु बांधव और गुरु का वध करके में राज सुख नहीं भोग सकता हूं। कुछ समय पहले यही अर्जुन कौरवों की सेना का नाश करने का संकल्प ले चुके थे, पर शत्रु के रूप में अपनों को देखकर परिस्थिति वश अर्जुन कर्म से विमुख हो गए। कर्तव्य विमुख अर्जुन को सही राह पर लाने के लिए श्री कृष्ण ने जो उपदेश दिए वही गीता है। अतः हम कर्म और धर्म पर ही केन्द्रित रहे।

डॉ शैलेन्द्र जाट के द्वारा कर्म योग दर्शन की महत्वता बतलाई गईं। महाविद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी गईं व गीता के श्लोक का वाचन किया गया ओर प्रश्नोत्तरी गीता पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत मै छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ प्रीत नेगी, डॉ प्रीति यादव,डॉ भरत तिवारी, डॉ राजेश कुशवाहा, डॉ बालेंदु सिंह, डॉ सपना दिवेदी, सुश्री प्रज्ञा तिवारी, मनोरमा चौधरी, श्रेया मिश्रा उपस्थित रहीं।

---

**उत्कृष्ट विद्यालय में गीता जयंती समारोह का आयोजन**



उत्कृष्ट विद्यालय बड़वारा में सोमवार को विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता के विशिष्ट आतिथ्य एवं जनपद पंचायत बड़वारा की सीईओ प्रभा तेकाम की अध्यक्षता में गीता जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम अतिथियों का आगमन, गीतामृत वाचन, श्रीमद भगवद्गीता का पूजन कर शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात गीता के पंचस अध्याय का वाचन विद्यालय के ओंकार दुबे द्वारा किया गया। प्रेरणा गीत का वाचन महेन्द्र गौतम द्वारा किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के अरविंद तिवारी, मोहन निगम, महेंद्र नारायण मिश्रा एवं ओंकार दुबे द्वारा शंख द्वारा शंखनाद किया गया।मुख्य वक्ता के रुप में विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा गीता सार के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम का संचालन अनामिका सोनी एवं आभार प्रर्दशन जनपद पंचायत बड़वारा के एपीओ डॉ अजीत सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मझगवा हाई स्कूल की प्राचार्य श्री मती रचना तिवारी, संतोष दुबे, प्राचार्य चंदन सिंह, ऋषि मिश्रा, हर्ष द्विवेदी,जनपद पंचायत बड़वारा से उदयभान दाहिया, श्रीमति बबीता सिंह, राजेश चौधरी की उपस्थिति रही ।कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ शिक्षक जुगल किशोर चौरसिया, मोहन निगम,सरिता शर्मा ,मधुबाला गर्ग , ज्ञानेन्द्र हल्दकार ,निखिलेश यादव, आरती तिवारी, शिवानी यादव, सीता लोहार, अंकिता सिंह, लाल बहादुर सोनी, संजय रावत, धनंजय यादव आदि का सहयोग रहा।

---

# विद्यार्थियों को स्वेटर, टोपा का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तेवरी की समाज सेवी संस्था युवाजन सेवा समिति के द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी शीतकाल समय मै शासकीय विद्यालयों मै अध्ययनरत विद्यार्थियों को निःशुल्क स्वेटर, जूते, टोपा व मौजे का वितरण शुरू कर दिया गया है।

सोमवार को युवा जन सेवा समिति के द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला लिगरी एवं आंगनवाड़ी केंद्र लिगरी में युवाजन सेवा समिति, छात्र सभा के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं अन्य विशिष्ट गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में विद्यालय में अध्यनरत कक्षा पहली से आठवीं तक आंगनवाड़ी के 95 विद्यार्थियों को निशुल्क स्वेटर,मोजे, टोपे और जूते का वितरण किया गया। ठंड के इस मौसम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं जैसे गर्म कपड़े प्राप्त हुए उनके चेहरे की मुस्कान देखते ही बनती थी। विदित हो कि समिति द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण,स्वच्छता रैली,कम्बल वितरण कार्यक्रम, बाढ़ आपदा, नेकी की दीवार आदि कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

इस दौरान सरपंच राजाराम राजपाल, अवसर सिंह धुर्वे, पुरुषोत्तम सिंह, सिंघई अनिल जैन, संतोष जैन, कोदू लाल हल्दकार, समिति के पूर्व अध्यक्ष रविन्द्रनाथ झारिया,समिति अध्यक्ष बसंत जायसवाल, सचिव रामशरण जायसवाल, बलवीर सिंह, महेन्द्र सिंह, अजय गर्ग,सुरेन्द्र झारिया ,दिनेश झारिया, श्याम लाल जायसवाल, अवधेश रजक,सचिव महेंद्र कुशवाहा, प्रशांत जैन,सुखदेव सोनी,शोभना गुप्ता, विमला रैदास, सोनू जसूजा, देवेंदु यादव,आदर्श सिंह,श्रेयांश गुप्ता,अनुज गुप्ता, मयंक चौबे व अन्य समिति कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

---

**विश्व एड्स दिवस पर महाविद्यालय में हुआ कार्यशाला का आयोजन**

# एड्स के फैलने, बचाव सहित होने वाली समस्याओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को शासकीय महाविद्यालय बरही में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरविंद सिंह के नेतृत्व मे एचआईवी एड्स जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. के. के. निगम और डॉ. के. के. विश्वकर्मा द्वारा विद्यार्थियों को एड्स से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे डॉ. अरविन्द सिंह ने बताया कि 1 दिसंबर को प्रति वर्ष लोगो को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करने के लिए संपूर्ण विश्व में एड्स दिवस मनाया जाता है। एड्स के बारे में समाज में मौजूद गलत अवधारणा के कारण, इसकी रोकथाम करना काफी मुश्किल होता है। समाज में गलत नजरों से देखे जाने की कारण, लोग खुलकर इस बीमारी के बारे में बात नहीं करते और इससे बचाव नहीं हो पाता है। इस स्थिति को बदलने के लिए इस वर्ष वर्ल्ड एड्स डे की थीम थीम है ओवर कमिंग डिसरप्शन, ट्रांसफॉर्मिंग द एड्स रिस्पांश' अर्थात 'बाधाओं को पार करते हुए, एड्स प्रतिक्रिया में बदलाव लाना' को चुना गया है।

डॉ. राकेश दुबे ने बताया कि एड्स को लेकर लोगों में जानकारी की काफी कमी है। उन्होंने एड्स फैलने के कारण, इससे बचाव के तरीके, इसके टेस्ट, इससे जुड़े मिथक से संबंधित जानकारी दी।

डॉ. के. के. निगम ने विद्यार्थियों को एड्स से संबंधित जानकारी देते हुए बीमार होने पर ग्रामीण इलाकों के दवाखानों में इलाज कराते समय लोगो को जागरूक करने एवं सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ. सुनीता सिंह ने पूरे समाज को एक-जुट होकर एड्स से लड़ने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

डॉ. के. के. विश्वकर्मा ने बताया कि इस वर्ष की थीम हमें याद दिलाती है कि एड्स से लड़ाई सिर्फ दवाओं या चिकित्सा तक सीमित नहीं है बल्कि सामाजिक न्याय, समानता, मानवाधिकार और मानवीय संवेदना की लड़ाई है। साथ ही एचआईवी वायरस और उसमे होने वाली वृद्धि की वजह से मनुष्यों में होने वाली समस्याओं पर विस्तार से जानकारी दी।

---

**सांदीपनि विद्यालय में हुआ गीता जयंती का जिला स्तरीय कार्यक्रम**

# 11 बटुकों और 1100 छात्र-छात्राओं ने किया गीता का सस्वर पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



सांदीपनि विद्यालय झिंझरी में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव गीता जयंती का जिला स्तरीय कार्यक्रम पूरी श्रद्धा, आस्था और भक्ति के साथ उत्सवी माहौल में हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। इस दौरान बटुक आचार्यों और 1100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सस्वर पाठ किया। जिले की तहसील और विकासखंड मुख्यालयों में भी गीता जयंती का भव्य आयोजन हुआ।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर आशीष तिवारी, नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार एवं जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर गीता जयंती के कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कुरूक्षेत्र के मैदान में अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था। उन्होंने कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन जीने की कला सिखाती है। इस आयोजन से विशेष कर छात्रों और समाज में ज्ञान, कर्तव्य, अनुशासन और सकारात्मकता का वातावरण बनेगा। उन्होंने छात्रों से कहा कि गीता हमें सत्य-असत्य, धर्म-अधर्म और अपराध के बारे में व्यापक सीख देती है। साथ ही गीता फल की चिंता किये बिना निरंतर कर्म करने का भी संदेश देती है। उन्होंने छात्रों से इस ध्येय वाक्य को अपनाकर मेहनत और लगन से खूब पढ़ाई करने की सीख देते हुये आगे बढ़ने और घर-परिवार और देश-प्रदेश का नाम रोशन करने की बात कही।

समारोह को संबोधित करते हुये जिला भाजपाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने कहा कि गीता हमें कर्म की महत्ता का संदेश देती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर व्यापक पैमाने पर गीता जयंती के आयोजन के लिये सराहना की।

सभी तहसील एवं विकासखंड स्तरों पर भी गीता महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय गीता जयंती के कार्यक्रम में विश्व गीता प्रतिष्ठानम्‌ उज्जैन के लक्ष्मीकांत भारद्वाज व कपूर सोनी तथा रंगनाथ मंदिर गरूणध्वज विद्यालय कटनी के 11 बटुकों सहित 1100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का समेकित सस्वर पाठ कर माहौल को धर्म और अध्यात्म से सराबोर कर दिया। समारोह स्थल सांदीपनि विद्यालय परिसर में गीता के संदेश के भाव को प्रदर्शित करती सचित्र जीवंत प्रदर्शनी लगाई गई थी। जो लोगों में मुख्य रूप से जनाकर्षण का केन्द्र रहीं। कार्यक्रम में प्रेमनारायण शर्मा, रोहित तिवारी, गणेश चौर्या, धीरेन्द्र द्विवेदी, सुरेश पाठक, डॉ. संजय भारद्वाज मौजूद रहे।

इस मौके पर अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहेरिया, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर द्वय प्रदीप मिश्रा एवं ज्योति लिल्हारे, उपसंचालक कृषि डॉ. रामनाथ पटेल, उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विकास डॉ. आरके सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी सहित सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास वनश्री कुर्वेती मौजूद रहे।

---

# बिजली बिल वसूली के दौरान हुआ हंगामा, टीम के साथ झूमा झटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद के ग्राम तिलहरी में बिजली बिल वसूली के दौरान बड़ा हंगामा हो गया। मध्य प्रदेश शासन की 'समाधान योजना' के तहत उपभोक्ताओं को राहत देने और बकाया बिलों की आसान अदायगी के लिए चलाए जा रहे प्रचार-प्रसार अभियानों के बावजूद, विद्युत कंपनी की टीम को यहां उपभोक्ताओं के तीखे विरोध का सामना करना पड़ा। सोमवार को इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। विद्युत विभाग द्वारा हाल ही में क्षेत्र में जागरूकता रैलियां आयोजित की गई थीं, जिनका उद्देश्य उपभोक्ताओं को योजना के लाभ बताते हुए बकाया बिल समय पर जमा करने के लिए प्रेरित करना था लेकिन जब वसूली टीम ग्राम तिलहरी पहुंची, तो कुछ ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया और देखते ही देखते स्थिति बिगड़ गई। ग्रामीणों ने टीम को घेरकर गाली-गलौज की, धक्का-मुक्की और हाथापाई तक की नौबत आ गई।

सहायक अभियंता अभिषेक गिरवाल के अनुसार विभागीय टीम के साथ कोमल काछी, नरेश काछी और नरेंद्र काछी नाम के उपभोक्ताओं ने अभद्रता की। इन तीनों पर वर्ष 2020 से कुल 7,125 रुपए का बकाया था, जिसे बार-बार नोटिस देने के बाद भी जमा नहीं किया गया। नियमानुसार वसूली के लिए पहुंची टीम के साथ न सिर्फ दुर्व्यवहार हुआ, बल्कि हाथापाई भी की गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा कि बकाया वसूली की कार्रवाई नियमों के तहत जारी रहेगी।

**खबर संक्षेप**

### मिशन कर्मयोगी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों का सम्मान

**दमोह।** मिशन कर्मयोगी आईजीओटी लर्निंग वीक, जो 15 सितंबर से 19 सितंबर 2025 के मध्य आयोजित किया गया था, जिले के आयुष विभाग ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटेल के मार्गदर्शन में विभाग के अधिकारियों ने सर्वाधिक प्रशिक्षण पूर्ण कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी उपलब्धि के लिए आयुष विभाग के डॉ. अनंत राम पटेल, डॉ. अर्चना चौधरी और डॉ. साक्षी सेन को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने तीनों अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और उनके प्रयासों व समर्पण की सराहना की। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा मिशन कर्मयोगी जैसे कार्यक्रम प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और जनसेवा में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयुष विभाग के अधिकारियों द्वारा अधिकतम प्रशिक्षण पूर्ण करना जिले के लिए गौरव की बात है। अधिकारीगणों ने इस सम्मान को प्रेरणादायी बताते हुए भविष्य में भी इसी तरह बेहतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

### खुला पड़ा कुआं, सीएम हेल्पलाइन पर की शिकायत

# खुला पड़ा कुआं दे रहा दुर्घटना को आमंत्रण





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद**

दमोह पन्ना रोड किनारे बंजारी चौक पर स्थिति बहुत पुराना कुआं जो खुला पड़ा हुआ है कुआं में लोग पूजन सामग्री एवं कूड़ा कर्कश डालते हैं जिससे कुएं का पानी दूषित हो चुका है पानी गंदा होने के कारण लोग इस पानी का उपयोग नहीं कर पाते हैं ग्राम के आशीष नगरिया द्वारा कुआं की साफ सफाई कराए जाने एवं खुले हुए कुआं को ऊपर से ढके जाने की मांग की थी इस विषय पर आशीष द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की गई थी जिसका शिकायत नंबर 35410103 है शिकायत के बाद भी कुआं में सुधार कार्य नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है ग्राम के प्रमोद नगरिया ने बताया कि कुआं के सुधार के लिए कुआं को ऊपर से बंद करने के लिए शासन द्वारा राशि भी स्वीकृत की गई थी कुछ मटेरियल रेत गिट्टी भी डाली गई थी इसके बावजूद भी कुएं को बंद नहीं किया गया न ही कुए की साफ सफाई एवं पनघटे का निर्माण कराया गया, गौरतलब है कि यह खुला पड़ा हुआ कुआं मेंन रोड पर है जिससे इसमें मवेशियों के गिर जाने का खतरा मंडराता रहता हैं, इस विषय पर जब सरपंच प्रतिनिधि या पंचायत सचिव से बात की जाती है तो वह हमेशा एक ही बात करते हैं कि शीघ्र ही निर्माण कार्य कराया जाएगा, देखा जाता है कि सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने वाले अधिकांश शिकायतकर्ताओं की एक ही समस्या होती है कि शिकायत का निराकरण तो होता नहीं है, और जब सीएम हेल्पलाइन पर दोबारा फोन लगाओ तो वहां से कहा जाता है कि आपकी शिकायत का निराकरण कर दिया गया है जब मौका स्थल पर कोई अधिकारी कर्मचारी ही नहीं पहुंचता है कोई जांच निरीक्षण नहीं किया जाता है शिकायतकर्ता को अधिकारी के आने की सूचना ही नहीं दी जाती है तो फिर निराकरण कैसे हो जाता है यह विचारणीय पहलू है।

## एसआईआर का जबेरा विस में शतप्रतिशत कार्य हुआ पूर्ण



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा**

जबैरा विधान सभा का एसआईआर गहन पुनरीक्षण 100 प्रतिशत पूरा हो गया है। ज्ञात हो कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र 56 जबेरा में दिनांक 4 नवम्बर 2025 से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ किया गया। सर्वेक्षण के दौरान कुल 2 लाख 44 हजार 518 मतदाताओं के विरुद्ध 2 लाख 44 हजार 518 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन किया गया, जो कि 100 उपलब्धि को दर्शाता है। एसडीएम सौरभ गंधर्व ने बताया है कि एसआईआर प्रक्रिया में कुल 10 हजार 124 मतदाता जिनमें कुछ यहा है ही नहीं, या कही और रहने लगे, कुछ की मौत हो गई, कुछ लोगो डबल नाम जुडने के कारण, इसके अलावा 2011 मतदाताओं को जानकारी उपलब्ध न होने के कारण जिनकी नो मेपिंग की श्रेणी में दर्ज किया गया है। समस्त प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करते हुए 100 प्रतिशत एसआईआर कार्य संपन्न किया गया। विशेष गहन पुनरीक्षण का सफलतापूर्वक 100ः पूर्ण होना निर्वाचन सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता की दिशा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। इस पूरी प्रक्रिया में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम सौरभ गंधर्व, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार श्री विवेक व्यास तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनीष बागरी का मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण महत्वपूर्ण रहा।

## नेमिषाराण्य जा रहे तीर्थ यात्रियों को धर्म ध्वजा पहनाकर किया रवाना



**दमोह।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित कमलेश्वरानंद जी महाराज के सानिध्य में उत्तर प्रदेश के लखनऊ के पावन तीर्थ क्षेत्र नैमिषाराण्य में आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होने के लिए दमोह से सैकड़ों की संख्या में भक रवाना हुए। जिन्हें सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के पदाधिकारियों एवं संरक्षक मंडल ने रवाना किया। इस दौरान प्रमुख रूप से पंडित कमलेश्वरानंद जी महाराज,सकल हिंदू समाज के जिले के अध्यक्ष कपिल सोनी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि डॉ आलोक गोस्वामी,जिला उपाध्यक्ष लखन केसरवानी प्रमोद विश्वकर्मा,लखन तंतुवाय ,दिलीप चौरसिया, युवा सकल हिन्दू समाज जिला अध्यक्ष मोंटी रैकवार,पार्षद मिक्की चंदेल,विधान पाराशर भागवत बंसल अमित राय अजय रैकवार, संजय गौतम, सतीश सेन,अरविंद चौधरी, मेघराज सिंह सहित प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नाइट क्रिकेट ट्रॉफी पर महावीर क्रिकेट क्लब ने कब्जा जमाया




**दमोह।** शहर के इतिहास में पहली बार शिव नगर एस्ट्रो टर्फ मैदान पर जैन प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। 20-20 की तर्ज पर दस-दस ओवर तथा आठ-आठ खिलाड़ीयो वाली टीम के रूप में आयोजित जेपीएल लीग में 16 टीमों ने भाग लिया। रविवार रात खेले गए फाइनल मुकाबले में महावीर क्रिकेट क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए वासा वॉरियर की टीम को हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। महावीर क्रिकेट क्लब के कप्तान राहुल गांगरा ने टॉस जीत के पहले बल्लेबाजी चुनते हुए निर्धारित 10 ओवर में 86 रन बनाएं। जबाव में बासा वारियर के कप्तान ऋतिक जैन और उनकी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन टीम चेस नहीं कर पाई, और महावीर क्रिकेट क्लब ने यह मुकाबला 20 रनों से जीत लियज्ञं फाइनल मुकाबले के बाद अतिथियों ने विजेता उप विजेता टीम को ट्राफी के साथ श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। आयोजन को सफल बनाने में अंकित जैन (अप्पू भैया खजरी), राहुल जैन (यूनियन बैंक), प्रवीण जैन, राहुल गांगरा, नितिन मोदी (पारस मोबाइल) अर्पित जैन (जैन केमिकल), राहुल सिंघई (फर्टिलाइजर शॉप) शुभम जैन (सॉफ्टवेयर इंजीनियर) एवं दीपक कुमार जैन (शिक्षक) अपना योगदान दिया। साथ ही सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

## जेल में बंदियों ने लिया गीता का ज्ञान



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा**

मप्र शासन व जेल मुख्यालय के निर्देशन में सोमवार को गीता जयंती के उपलक्ष्य में उपजेल हटा में श्रीमद्भागवत गीता आयोजन किया गया जहां गीता महोत्सव के तहत पंडित श्री रतिकृष्ण शास्त्री जी महाराज द्वारा बंदियों को श्रीमद्भागवत गीता के 15 वें अध्याय पर उपदेश दिया गया। बंदियों को गीता का ज्ञान देते हुए शास्त्री जी ने बताया की गीता जी एक धर्मनिरपेक्ष शास्त्र है सभी भारतवासियों को इसका अध्ययन मनन करते हुए बताए गए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए उन्होंने महाभारत काल का वर्णन करते हुए भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए गीता उपदेश का व्याख्यान किया। शास्त्री जी ने बंदियों को बताया कि यह भारतभूमि है, जहां किसी व्यक्ति के चित्र को नहीं, उसके चरित्र को वंदन किया जाता है। गीता हमें सिखाती है कर्मण्येवाधिकारस्ते' अर्थात कर्म, कर्तव्य और सत्यनिष्ठा ही मनुष्य का वास्तविक रूप है। यही चरित्र मनुष्य को दिव्यता की ओर ले जाता है। शास्त्री ने कहा कि निर्मल चरित्र ही मनुष्य का वास्तविक धन है, वही जीवन की रक्षा करता है, वही परमात्मा से जोड़ता है और वही जन्म-जन्मांतर की दिशा बदल देता है। शास्त्री ने समझाया कि चरित्र तब विचलित होता है जब मनुष्य धर्म से दूर और मन व बुद्धि विकारों में डूब जाती है। इसलिए गीता का संदेश है, मन को संयमित करो, बुद्धि को निर्मल बनाओ और धर्म को जीवन का केंद्र बनाओ। तभी चरित्र का प्रकाश भीतर जागता है और व्यक्ति विकारों से ऊपर उठ जाता है। मनुष्य का चरित्र यदि बिगड़ जाए तो उसका केवल इस जन्म का नहीं, जन्म-जन्मांतर का पतन हो जाता है। चरित्र का पतन आत्मा को अंधकार की ओर ले जाता है और सद्गुणों से दूर कर देता है। जीवन का यथार्थ यह है कि जिसका चरित्र निर्मल होता है, उसका मन भी निर्मल हो जाता है, और जहां निर्मलता बसती है, वहीं प्रभु का निवास होता है। इस दौरान उपजेल अधीक्षक नागेंद्र सिंह चौधरी की भी उपस्थिति रही। जेल में गीता आयोजन होने से जेल का माहौल भक्तिमय और धार्मिक बन गया।

## गीता महोत्सव पर हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम




**दमोह।** वीर भारत न्यास, मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन दमोह के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का जिला स्तरीय आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सहयोगी संस्थान के रूप में विश्व गीता प्रतिष्ठानम के सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण सहभागिता प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में अध्यक्ष जिला पंचायत रंजीता गौरव पटेल, उपाध्यक्ष जिला पंचायत मंजू धर्मेंद्र कटारे, अध्यक्ष जनपद पंचायत प्रीति राजू ठाकुर, जिला कलेक्टर सुधीर कोचर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे, जिला शिक्षा अधिकारी तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आलोक सोनवलकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सस्वर पाठ रहा, जिसे विश्व गीता प्रतिष्ठानम के सदस्यों द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में श्री कृष्णा और अर्जुन संवाद का सजीव चित्रण भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि महाभारत के युद्ध क्षेत्र में गीता जितनी प्रासंगिक थी, आज भी उसके उपदेश जीवन प्रबंधन और कर्तव्य मार्गदर्शन में उतने ही महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों और नागरिकों ने गीता संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया।आयोजन का सफल संचालन सांस्कृतिक विभाग एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से किया गया।जिले के सभी विकासखंडो के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में भी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन एवं सस्वर गीता पाठ किया गया।

## महिला जैन मिलन ने लगवाया दंत चिकित्सा शिविर



**दमोह।** महिला जैन मिलन नगर शाखा दमोह, क्षेत्र क्रमांक के 10 द्वारा दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग में दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना था। शिविर में मुख्य रूप से डॉ. भूमिका जैन एवं डॉ. विवेक चौधरी द्वारा दंत परीक्षण, उपचार, सुझाव एवं दंत-स्वच्छता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। दोनों चिकित्सकों ने बच्चों, महिलाओं पुरुषों एवं वरिष्ठजनों के दाँतों की जाँच कर उचित परामर्श दिया। आयोजन का नेतृत्व शाखा अध्यक्ष वीरांगना समीक्षा बजाज ने किया। आयोजन के सुचारु संचालन में क्षेत्रीय मंत्री अतिवीरांगना कविता ऋषभ जैन का विशेष सहयोग रहा। साथ ही क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर दिलेश चौधरी ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में अपने सहयोग से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वालों में मुख्य क्षेत्रीय संयोजक वीर सुधीर जैन, मुख्य क्षेत्रीय संयोजिका वीरांगना अर्चना इंद्रश्री, राष्ट्रीय संयोजिका वीरांगना वंदना सराफ, राष्ट्रीय संयोजक अति वीर ऋषभ जैन एवं वीर विकल्प जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में सहयोग देने वाली शाखा की सक्रिय सदस्यों मे शाखा मंत्री वीरांगना ऋतु जैन, वीरांगना बबीता नायक,वीरांगना मुक्ता जैन, वीरांगना चांदनी जैन, वीरांगना लवली जैन, वीरांगना नीतू सराफ, वीरांगना स्मिता जैन, वीरांगना रूबी जैन शामिल रहीं। शिविर में बड़ी संख्या में समाजजनों ने उपस्थित होकर दंत परीक्षण का लाभ उठाया। सभी ने इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों को अत्यंत लाभदायक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता की अपेक्षा व्यक्त की। अंत में महिला जैन मिलन नगर शाखा दमोह क्षेत्र क्रमांक 10 ने चिकित्सकों, सभी पदाधिकारियों, अतिथियों एवं उपस्थित परिवारों का हृदय से आभार व्यक्त किया तथा समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## छात्रावास मे हुआ जनसंवाद कार्यक्रम



हिण्डोरिया। पुलिस व्दारा स्थानीय कन्या एवं बालक छात्रावास के बच्चों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपस्थित बच्चों को एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी व्दारा विभिन्न अपराधों के बारे मे उनके कानून सम्मत रोकथाम के उपायों की विस्तृत जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में बाल विवाह, बालश्रम, बाल यौन शोषण, बाल तस्करी, साईवर अपराध, यातायात नियमों, नशा की प्रवृत्ति,केरियर, अवेयरनेस आदि के सम्बन्ध में मे जानकारी दी गई। इस मौके पर बिलाई चौकी इंचार्ज मलखान सिंह, प्रधान आरक्षक प्रशांत दुबे,आरक्षक अविनाश, अधीक्षक मधु तंतवाय, अधीक्षक जिविन्द्र सहित पुलिस स्टाफ और बच्चे मौजूद रहे।

## सारिका ने की एसआईआर जागरूकता गतिविधि की पेनड्राईव सीईओ को दी



दमोह। मतदाता सूची के शुद्धिकरण विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए जागरूकता गतिविधियों की पेनड्राइव भारत निर्वाचन आयोग की स्वीप आइकॉन सारिका घारू ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री संजीव कुमार झा को भेंट की। इस अवसर पर श्री संजीव कुमार झा ने ने गणना पत्रक जमा करने अंतिम तिथि 11 दिसंबर तक बढ़ाये जाने के बाद स्वीप गतिविधियों के बारे में मार्गदर्शन दिया। सारिका ने बताया कि वे वीडियो ,लोककला ,पपेट के माध्यम से उन लोगों को प्रेरित कर रही है जिन्होंने अभी तक भी अपने गणना पत्रक बी एल ओ को नहीं दिये है । श्री संजीव कुमार झा ने उन बिंदुओं पर जागरुकता की आवश्यकता बताई गई जिनके द्वारा मतदाता सरलता से आवश्यकतानुसार फॉर्म 6,7, व 8 के माध्यम से मतदाता सूची शुद्धिकरण में अपना योगदान दे सकते हैं।

## गीता महोत्सव पर हुआ कार्यक्रम

हटा। शहर के सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय में सोमवार को संगीतमय गीता के पंद्रहवें अध्याय का आयोजन किया गया जिसमें विकासखंड स्तर के सभी छात्र छात्राओं के साथ साथ शिक्षक शिक्षिकाओं ने भागवत गीता के इस अध्याय का श्रवण किया गया उक्त वाचन संस्कृत के नोडल शिक्षक रत्नेश तिवारी, हेमंत चौबे एवं श्री ओमकार तिवारी जी ने किया। गौरतलब है कि गीता जंयती के शुभ अवसर पर प्रदेश के सभी उत्कृष्ट विद्यालयों में यह कार्यक्रम होना था वास्तव में गीता के पन्द्रहवें अध्याय अनुसार सभी लोकमानस को यह शिक्षा मिलती है कि जो व्यक्ति मोह अहंकार ओर आसक्ति से मुक्त होकर सभी सुख दुख के द्वंद से परे होकर पुरुषोत्तम की भक्ति करता है। वह मोक्ष प्राप्त करता है कार्यक्रम की शुरुआत परपंरागत रुप से भगवान कृष्ण के एवं भगवत गीता पूजन से हुआ तद्रुपरांत सरस्वती वंदना फिर फिर पन्द्रहवें अध्याय का वाचन किया गया। पधारे अतिथि गणों में माडल स्कूल प्राचार्य भूपेंद्र सिंह राजपूत, गोपाल साहू, मनोज सेन की उपस्थिति रही सभी ने अपने अपने मधुर वचनों से बच्चों को गीता का महत्व समझाया। सांदीपनि उत्कृष्ट विधालय के प्राचार्य डा.अशोक अग्रवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया व्यक्ति को कर्म के साथ साथ धर्म भी करते रहना चाहिए। बुरे वक्त में जितना कर्म काम में आता है उतना ही आपको धर्म का सहारा मिलता है। कार्यक्रम के अंत में गीता आरती फिर प्रसाद वितरण किया गया।



# राजा हीराखान सिंह पर आधारित नृत्य नाटिका की दी प्रस्तुति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा**

नगर की बस स्टैंड में प्रांगण नगर पालिका परिषद के सामने सभा मंच पर मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय जननायक गोण्ड सभ्यता के महानायकों पर आधारित प्रस्तुतियों मे दूसरे दिन राजा हीराखान सिंह पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का निर्देशन नवीन सिंह, संगीत कुलदीप सार्वा ने किया। नृत्य नाटिका के माध्यम से बताया गया कि राजा हीराखान सिंह अपने बल और पराक्रम से सभी बड़े योद्धाओं को परास्त किया। इनका वंश वृक्ष कुछ इस तरह का है-इजई के पुत्र हैं विजयी, उनके पुत्र हैं। ठाकुर देव, इनके पुत्र हैं श्रीदेव, श्रीदेव के पुत्र हैं पालोगढ़ लिंगों, इनके पुत्र हैं कारीकामा तथा इन्हीं कारीकामा के पुत्र हैं महान प्रतापी राजा हीराखान सिंह कारीकामा। एक दिन इनके



पिता राजा कारीकामा, नेताम राजा तपेसिरिया के यहां सिंघोलागढ़ गये थे। कहते हैं कि वहीं उनका राजा तपेसिरिया से किसी बात पर विवाद हो गया। एक दिन कारीकामा अपनी तलवार सभी तथा रखकर वस्त्र उतार कर मैदान में नित्यकर्म के लिए गये ही थे कि राजा तपेसिरिया के सैनिक ने राजा का सिर काट दिया। कटे हुए सिर को राजा तपेसिरिया ने अपने महल के दरवाजे पर टांग दिया। राजा कारीकामा का घोड़ा जिसका नाम गिद्ध बाय बहेड़ा राई रोझिन था, घुड़साल में बंधा था। राजा की हत्या उसके आंखों के सामने ही हुई थी। थोड़ा सोचता है कि मैं अब खाली पीठ वापस कैसे जाऊंगा? किसी तरह अपना बन्धन तोड़ वह बाहर आ गया। देखता क्या है कि सामने ही राजा तपेसिरिया की पुत्री अम्माल हीरो सोने के पालने में झूल रही थीं। थोड़ा राजकुमारी को अपने ओंठो से उठाकर अपने राज्य की तरफ भाग निकला। इधर पूरे नगर में हाहाकार मच गया, पर जब तक लोग सोचते, तब तक थोड़ा उनकी पहुंच से दूर चला गया था। थोड़ा आठ दिन नौ रात तक चलते-चलते कारीकामा के नगर पहुंच गया। उसी समय हीराखान सिंह का जन्म हो रहा है। थोड़ा अपने साथ लायी राजकुमारी को हीराखान सिंह की मां के सामने रख देता है। फिर घोड़ा रानी धम्माल पैलो से सब घटना विस्तार से सुना देता है। रानी राजा की मृत्यु से अत्यंत आहत हैं, पर घोड़ा कहता है कि रानी मेरा सवार तो शहीद हो गया, पर अब इस कन्या का पालन-पोषण आप करना। इसका विवाह अपने पुत्र हीराखान सिंह से करके ही राजा की हत्या का बदला पूरा होगा। रानी अपना दुःख भूलकर इन दोनों के विवाह की तैयारी करती हैं। दूर-दूर से सभी राजाओं, जींदारों को आमंत्रित किया जाता है। पूरे राज्य के लोग इस विवाह में सम्मिलित होते हैं, फिर बड़ी धूम-धाम से हीराखान सिंह तथा कन्या कम्मालहीरो की शादी हो जाती है। पर बचपन की शादी भी कैसी? एक ही माँ से दोनों दूध पीते थे। एक ही माँ से प्यार पाते थे। विवाह का अर्थ नहीं जानते हैं। धीरे-धीरे दोनों जवान होते हैं। वे यह भूल ही चुके हैं कि उनकी बचपन में शादी हुई थी। दोनों एक दूसरे से भाई-बहन सरीखा व्यवहार करते हैं। जब उनके संगी-साथियों की सगाई होती है या विवाह होता है तो वे सोचते हैं कि जवान तो वे भी हो गये हैं, पर उनकी शादी की बात क्यों नहीं हो रही है? रानी कम्मालहीरो सोचती हैं कि उसकी सभी सहेलियों की शादी हो रही है, सब अपना घर छोड़ ससुराल जा रही हैं, तरह-तरह से सज-सँवर रही हैं। कुछ के तो बच्चे भी हो गये हैं। मेरी शादी न जाने कब होगी? क्या मैं जीवन भर झूला ही झूलती रहूँगी? कुछ इसी तरह की सोच में रानी पड़ी थी कि बोड़राहिन उसके पास आई और पूछा कि रानी तुम किस बात की चिंता कर रही हो? तुमको कौन सी तकलीफ है? अपने मन की बात हमें बतलाओ। तब रानी ने कहा- बोड्राहिन, हमारी सभी सरवी-सहेलियों की शादी हो गयी है, वे अपनी-अपनी ससुराल चली गयी हैं। सास-ससुर के घर में रहने लगी हैं। उनके एक-एक, दो-दो बच्चे भी हो गये हैं और एक हम हैं कि अभी तक झूला झूल रहे हैं। तब बोड्राहिल कहती है कि रानी आप भी नादान हैं। लड़कियों की शादी जीवन में एक ही बार होती है, बार-बार नहीं। तब रानी ने पूछा कि बोड़राहिन हमारी शादी कब और किसके साथ हुई है? हमको तो पता ही नहीं है, ऐसा सुनकर बोड्राहिन जोर-जोर से हँसने लगी। कार्यक्रम में विधायक उमादेवी भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा, भाजपा नेता सोमिल सिंह हजारी, पार्षद प्रतिनिधि हरिशंकर साहू, तहसीलदार आलोक जैन नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र खरे, थाना प्रभारी सुधीर बेगी, विनोद बाकर श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रही।

# दो साइबर फ्रॉड के मामलों में पुलिस को मिली सफलता, सूचना पर त्वरित कार्रवाई से पकड़े गए ठग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




दमोह पुलिस की संयुक्त कार्यवाही से दो साइबर फ्रॉड के मामलों में उल्लेखनी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह सुजीत भदौरिया के कुशल मार्गदर्शन, पर्यवेक्षण एवं सतत मॉनिटरिंग तथा एच आर पाण्डेय नगर पुलिस अधीक्षक दमोह एवं सुश्री प्रिया सिंधी अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पथरिया के निर्देशन में थाना दमोह देहात, थाना बटियागढ़ तथा सायबर सेल दमोह की संयुक्त टीम द्वारा 02 अलग अलग साइबर फॉड के प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। पहले प्रकरण में थाना दमोह देहात अंतर्गत दिनांक 22.11.2025 को आवेदक सतीष पटेल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया जिसमें बताया कि दिनांक 20.11.2025 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 10 टन लोहा क्रय करने के नाम पर धोखाधड़ी कर रूपये 93,000/- की राशि ऑनलाईन ट्रांसफर कराई गई। सायबर सेल द्वारा आवेदन प्राप्त कर NCRP पोर्टल में क्रमांक 32111250039303 पर शिकायत दर्ज की गई तथा त्वरित कार्रवाई करते हुए रूपये 3,174/- की राशि होल्ड कराई गई। संदिग्ध मोबाइल नंबरों के संबंध में जानकारी एकत्र कर टीम को भोपाल दिशा में भेजा गया। तत्पश्चात संयुक्त टीम ने निम्न संदेहियों को पकड़ा गया । इनमें राधेकिशन पिता अशोक सेन निवासी मोदेला चावल बेगमगंज (जिसके खाते में राशि भेजी गई), सोनू लोधी पिता ठाकुर सिंह लोधी, निवासी सिसरोधा, देवनगर, रायसेन उपरोक्त दोनों संदेहियों से पूछताछ में स्वीकार किया कि वे भोपाल निवासी एक अन्य आरोपी के कहने पर फ्रॉड करते थे तथा कमीशन पर पैसे लेते थे। उपरोक्त कार्यवाही के आधार पर थाना दमोह देहात में अपराध क्रमांक 822/2025 धारा 318 (4) भारतीय न्याय संहिता 2023 का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## दूसरा प्रकरणः बैंक खाता किराये पर देकर करते थे धोखाधड़ी में मदद

दूसर प्रकरण में थाना बटियागढ आवेदक महेन्द्र सिंह, ग्राम धोराज अपराध क्रमांक 400/2025 धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता 20231 दिनांक 25.11.2025 को आवेदक महेन्द्र सिंह ने बताया कि उसने 19.11.2025 को होंडा कंपनी की एक साइन मोटरसायकिल खरीदी थी। 23.11.2025 को संदेही द्वारा फोन कर रूपये 30,000/- की बकाया राशि के नाम पर ठगी कर ली गई। सायबर सेल द्वारा आवेदन प्राप्त कर तुरंत **NCRP** पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गई एवं रूपये 29,384/- राशि होल्ड कराई गई। संदेही ग्राम ससनाकला थाना तेंदूखेड़ा के निवासी पाए गए, संदेहियों की जानकारी एकत्रित कर धार पीथमपुर क्षेत्र में थाना तेंदूखेड़ा की टीम पहले से ही भोपाल, इंदौर क्षेत्र में खाता होने से संदेहियों की तलाश कर संयुक्त पूछताछ की गई। पकड़े गए संदेही रितुराज लोधी पिता उजयार लोधी, निवासी ससनाकला एवं संदेही राममिलन लोधी पिता अमरसिंह लोधी, निवासी ससनाकला दोनों ने फॉड करना स्वीकार किया। बैंक खातों को किराए पर देकर अन्य लोगों को धोखाधड़ी में मदद करते थे। उक्त कार्यवाही पर थाना बटियागढ़ में अपराध क्रमांक 400/2025 धारा 318 (4) बी.एन.एस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। संयुक्त टीम का सराहनीय प्रयास दोनों प्रकरणों में शीघ्र, वैज्ञानिक एवं तकनीकी आधार पर कार्यवाही करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी तथा ठगी गई राशि का बड़ा हिस्सा सुरक्षित कर लिया गया। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक दमोह एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पथरिया के निर्देशन में की गई। उक्त सफल, सराहनीय एवं प्रभावी कार्यवाही में कावा० निरीक्षक रचना मिश्रा थाना प्रभारी दमोह देहात कावा० निरीक्षक रजनी शुक्ला, थाना प्रभारी बटियागढ, उप निरीक्षक एस.एन. यादव, प्रधान आरक्षक आलोक भारद्वाज, प्रधान आरक्षक डेलन सिंह, प्रधान आरक्षक ऋषभ जैन, आरक्षक जितेन्द्र पटैल, आरक्षक आकाश पाठक, एवं सायबर सेल दमोह से प्रधान आरक्षक सौरभ टंडन प्रधान आरक्षक राकेश अठ्या आरक्षक मयंक दुबे, आरक्षक रोहित राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक महोदय ने संपूर्ण टीम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की त्वरित एवं प्रभावी कार्वाई से साइबर अपराधियों पर रोक लगती है तथा आम नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास बढ़ता है।

---

**तारादेही थाना क्षेत्र का मामला, देवरी से जबलपुर जा रहा था ट्रक**

# शार्ट सर्किट से लगी आग में ट्रक जलकर हुआ खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा/तारादेही

तारादेही समनापुर मार्ग पर सोमवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे एक ट्रक में आग लगने की घटना सामने आई है। प्रारंभिक स्तर पर आग लगने के पीछे शॉर्ट सर्किट होना कारण माना जा रहा है। गनीमत यह थी कि घटना के दौरान उक्त मार्ग पर कोई भी वाहन नहीं था, ना ही आसपास कोई व्यक्ति मौजूद था जिसके चलते कोई अन्य वाहन इसकी चपेट में नहीं आया। घटना की जानकारी सुबह 5 बजे पुलिस को लगी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की है। देवरी से जबलपुर जा रहा था ट्रक जानकारी अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 9354 जो कि सागर जिले के देवरी के सिलारी ग्राम से मक्का का भूसा लेकर जबलपुर जा रहा था। इस दौरान तारादेही तेंदूखेड़ा मार्ग पर ग्राम समनापुर ग्राम के समीप पेट्रोल पंप के पास रात करीब डेढ़ बजे ट्रक में शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई देखते ही देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। ट्रक चालक नरेंद्र यादव ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रक को सड़क किनारे खड़ा किया और ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई।

### समय पर नहीं मिली मदद

ट्रक चालक ने बताया कि घटना रात डेढ़ बजे हुई है और उस समय पूरा मार्ग सूनसान पड़ा था। जब ट्रक में आग लगी तो मैं दौड़कर घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर बने पेट्रोल पंप पर पहुंचा लेकिन वहां पर मौजूद कर्मचारी सो रहे थे और मेंने उन्हें बहुत आवाज लगाकर उठाने का प्रयास किया लेकिन वो नहीं उठे साथ ही मेरा मोबाइल फोन बंद हो गया था जिसके कारण घटना की सूचना फायर ब्रिगेड वाहन और पुलिस को नहीं दे पाए जिसके कारण ट्रक कुछ ही घंटों में पूरी तरह जलकर खाक हो गया। वहीं घटना के एक घंटे बाद कुछ राहगीर मार्ग से गुजरे लेकिन वह भी नहीं रुके। सुबह 4 बजे गांव के कुछ किसान मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद तारादेही से डायल 112 से पायलट राजेश ठाकुर और आरक्षक भगत सिंह ठाकुर मौके पर पहुंचे और ट्रक चालक से पूरी घटना की जानकारी ली साथ ही फायर ब्रिगेड वाहन को सूचना दी जहां सुबह फायर ब्रिगेड वाहन मौके पर पहुंचा और टायरों में लगी आग को बुझाया गया।

# सिंग्रामपुर–जबेरा के बीच जंगल में हुई 2 ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत



**सिंग्रामपुर।** दमोह–जबलपुर स्टेट हाईवे पर सिंग्रामपुर और जबेरा के बीच स्थित सटघटिया जंगल एक बार फिर दुर्घटना का कारण बना। रविवार–सोमवार की दरम्यानी रात यहाँ दो ट्रकों की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई। सूत्रों के अनुसार, ट्रक क्रमांक MP22H1464 जबलपुर से ग्वालियर जा रहा था, जबकि दूसरा ट्रक सागर से जबलपुर की ओर आ रहा था। संकरी सड़क और मोड़ के कारण दोनों वाहनों में टक्कर हो गई। हादसे में दोनों ट्रकों के चालक व क्लीनर को मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी गणेश दुबे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँचे और घायलों को तत्काल जबेरा अस्पताल पहुँचा कर उपचार दिलवाया। सभी चालक और अन्य स्टाफ सुरक्षित बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दमोह–जबलपुर स्टेट हाईवे का सिंग्रामपुर–जबेरा सटघटिया जंगल क्षेत्र सड़क चौड़ीकरण की कमी के कारण लगातार दुर्घटना और जाम का हॉटस्पॉट बन चुका है। यहाँ आए दिन हादसे होते रहते हैं, लेकिन शासन–प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

# गश्त कर रहे कर्मचारी पर भालू ने हमला कर अंगुली चबाई, इलाजरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर/तेंदूखेडा



जिले के वीरांगना रानी दुर्गावती टाईगर रिजर्व की वीट बघनी आरएफ 308 परिक्षेत्र सिंगौरगढ़ में सोमवार सुबह करीब आठ बजे गस्ती के दौरान एक सुरक्षा श्रमिक पर भालू ने हमला कर घायल कर दिया। घायल कर्मचारी ने चिल्लाना शुरू किया तो अन्य कर्मचारी भी पहुंचे उन्होंने भालू को भगाया और घायल कर्मचारी को इलाज के लिए जबेरा अस्पताल लेकर पहुंचे। भालू ने कर्मचारी की अंगुली चबा ली है जिसका डाक्टरों के द्वारा इलाज शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार सुरक्षा श्रमिक भूरा सींग गौंड अपने साथी वन रक्षक परसोत्तम सींग गौंड के साथ बाघ गढ़ना के चलते सोमवार सुबह जंगल में गश्त कर रहे थे। तभी झाड़ियों में छिपे भालू ने सुरक्षा श्रमिक भूरा पर हमला कर दिया और उसका हांथ मुंह में दबा लिया। जिससे बाएं हाथ की अंगुली का ऊपरी हिस्सा अलग हो गया। इसके बाद भी घायल कर्मचारी भालू से लड़ता रहा तभी कर्मचारी की आवाज सुनकर अन्य लोग आए उन्होंने भालू को भगा दिया। तुरंत ही वन रक्षक परसोत्तम सींग ने वनपाल हरलाल रैकवार को घटना की जानकारी दी वह मौके पर पहुंचे और रेंजर, डीएफओ को घटना से अवगत कराने के बाद घायल कर्मचारी को इलाज के लिए जबेरा स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे डाक्टर सोहिफ अहमद खान के द्वारा घायल का इलाज शुरू किया उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। घायल कर्मचारी ने बताया सुबह गश्त के दौरान भालू ने उस पर हमला किया था जिसमें हांथ की अंगुली चबा ली है।

दमोह डीएफओ ईश्वर जरांडे ने बताया कर्मचारी पर भालू द्वारा हमला करने की जानकारी मिली है। सिंगौरगढ़ का जंगल दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चला गया है वहां के डीएफओ को जानकारी पहुंचा दी है।

---

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**तेंदूखेड़ा।** रविवार की शाम 6.30 बजे तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत झलौन तेजगढ़ मार्ग पर स्थित महुआ वाली झील के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत जाने का घटनाक्रम सामने आया है घटना की सूचना मिलते ही तेजगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की और शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया घटना के संबंध में मिली जानकारी संतोष पिता मुन्ना सींग गौड़ उम्र 19 वर्ष निवासी विजय सागर थाना जबेरा का जो कि रविवार को अपनी बहन को लेने मोहरा ग्राम जा रहा था लेकिन तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत महुआ वाली झील के पास शाम साढ़े 6 बजे अज्ञात वाहन बाइक सवार को टक्कर मारकर मौके से भाग निकला और बाइक सवार युवक खून से लथपथ सड़क किनारे पड़ा रहा घटना की सूचना राहगीरों द्वारा तेजगढ़ पुलिस को दी गई जहां सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां सोमवार की सुबह परिजनों की मौजूदगी में पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की जांच की जा रही है साथ ही अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# टीबी मरीजों को दी फूड बास्केट



**दमोह।** विश्व एड्स दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली के साथ-साथ टीबी मरीजों को भी आमंत्रित किया गया एवं 05 टीबी मरीजों को पोषण आहार हेतु फूड बास्केट भी वितरित कर टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत चेस्ट स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार आठया एवं डीटीओ डॉक्टर गौरव जैन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीपीसी दीपक सिंह राजपूत, पिरामल टीम लीडर लॉरेंस रायबोले, काउंसलर श्रीमती चेतना नायक, दिनेश असाटी, पीजी कॉलेज दमोह से श्रीमती मीरा मेम, एन टीईपी स्टाफ ,आईसीटीसी स्टाफ एवं एनजीओ पार्टनर उपस्थित रहे. कार्यक्रम का सफल संचालन बीएम दुबे सर के द्वारा किया गया।

# नरसिंहगढ़ में संत गुलाब बाबा का 18वां चरण पादुका वार्षिक उत्सव श्रद्धाभाव के साथ सम्पन्न



**नरसिंहगढ़।** ग्राम नरसिंहगढ़ में सोमवार को संत गुलाब बाबा का 18वां चरण पादुका वार्षिक उत्सव बड़े ही भक्तिभाव और उत्साह के साथ मनाया गया। पिछले 18 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा यह आयोजन इस वर्ष भी भक्तों की अपार भीड़ का साक्षी बना। सुबह श्री रामबाग धाम में भक्ति गीतों, आरती और हनुमान चालीसा के पाठ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके उपरांत ठीक 10:32 बजे बाबा की चरण पादुका पालकी सागर के लिए रवाना हुई। पालकी यात्रा के दौरान राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकी भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रही। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह नरसिंहगढ़ के लोगों ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। कई स्थानों पर भक्तों ने बाबा की चरण पादुका की आरती उतारी। ग्राम पंचायत नरसिंहगढ़ की ओर से प्रतिनिधि राजेंद्र बिदौलिया द्वारा फूल वर्षा मशीन से यात्रा पर पुष्पवर्षा की गई। भक्तों द्वारा फल, पानी और पाउच वितरण के लिए निःशुल्क स्टॉल भी जगह-जगह लगाए गए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और परिवारों ने भी श्रद्धा प्रकट की। राजाराम साहू के परिवार, पूर्व सरपंच हरिकिशन और उनके परिवार, राजेश मिश्रा व संदीप मिश्रा के परिवार द्वारा बाबा की चरण पादुका की आरती कर सुख-शांति की कामना की गई। नरसिंहगढ़ से आगे पिपरिया चंपत, कोपरा, उमरी और इमलाई में भी पालकी यात्रा का स्वागत करते हुए पूजा-अर्चना की गई। संत गुलाब बाबा भक्त मंडल द्वारा की गई व्यवस्थाओं के कारण पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ। इस वर्ष भक्तों की भीड़ पिछले सभी वर्षों के रिकॉर्ड को पार कर गई, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और आस्था का माहौल बना रहा।

# रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण

**दमोह।** शहर में जिला अस्पताल और बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों की सुविधाओं के लिए संचालित रैन बसेरों की व्यवस्थाओं का कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने गतरात्रि जायजा लिया। उन्होंने जिला अस्पताल परिसर में बने नगर पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरे तथा बस स्टैंड पर नवनिर्मित रैन बसेरे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसी भी यात्री के न ठहरने पर कलेक्टर ने गहरी नाराज़गी व्यक्त की। साथ ही स्थानीय लोगों द्वारा कर्मचारियों की शिकायतें भी सामने आने पर कलेक्टर ने संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा दोनों रैन बसेरों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, दीवारों पर दमोह हेल्पलाइन नंबर स्पष्ट रूप से लिखवाए जाएँ तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कर्मचारी 24 घंटे मौजूद रहें, ताकि किसी भी यात्री को ठहरने में परेशानी न हो। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह ठाकुर, सिविल सर्जन जिला अस्पताल डॉ. प्रह्लाद पटेल मौजूद रहे।

---

# श्री शतचंडी महायज्ञ में यज्ञोपवीत उपनयन संस्कार आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

आनंदधाम पुरेनहाउ जबेरा में दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज के सानिध्य में श्री शतचंडी महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा एवं संत समागम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सोमवार को सामूहिक यज्ञोपवित्र उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्थानों से पहुंचे 11 बटुकों का पूरे विधि विधान से सामूहिक यज्ञोपवित उपनयन संस्कार कराया गया। इस दौरान दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज ने बताया कि वैदिक धर्म में यज्ञोपवीत दशम संस्कार है। इस संस्कार में बटुक को गायत्री मंत्र की दीक्षा दी जाती है और यज्ञोपवित धारण कराया जाता है। यज्ञोपवित का अर्थ है यज्ञ के समीप या गुरु के समीप आना और यह यज्ञोपवित एक तरह से बालक को यज्ञ करने का अधिकार देता है। दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज ने बताया कि शिक्षा ग्रहण करने के पहले यानी गुरु के आश्रम में भेजने से पहले बालक का यज्ञोपवीत उपनयन संस्कार किया जाता है भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण का भी गुरुकुल भेजने से पहले यज्ञोपवित संस्कार हुआ था। वही महायज्ञ में सैकड़ो श्रद्धालुजन यज्ञशाला की परिक्रमा कर सुख शांति की कामना को लेकर हवन कर रहे हैं। जिसमें यज्ञाचार्य दिलीप उपाध्याय, उपाचार्य सत्यम दुबे, अमित दुबे, अंकित तिवारी, अंकित पांडेय, दीपक महलोनिया, अवध बिहारी तिवारी, आशीष मिश्रा, आशु तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, भारत लाल तिवारी, हिमांशु दुबे आदि द्वारा यज्ञशाला में हवन कार्य संपन्न कराया जा रहा है।

# गीता जयंती पर उत्कृष्ट विद्यालय पटेरा में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा



मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग के अधिष्ठान से को विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम प्रातः शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेरा में आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि वृंदावन से पधारे पंडित प्रिया शरण महाराज, पंडित आशुतोष जी महाराज शिव धाम सागोनी पिपरिया,जागेश्वर नाथ संस्कृत विद्यालय प्राचार्य पंडित कुंज बिहारी, जनपद अध्यक्ष पटेरा से श्रीमती माल्लो बाई बसोरी आदिवासी, गनेंश पटेल बमनपुरा, नपा उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, डॉ सत्यम राजपूत, पंडित श्री हरीश पांडे,बलराम पटेल, सौरभ ताम्रकार पार्षद, गंगाराम पटेल खंड सर संघचालक, पुष्पेंद्र सोनी पार्षद, मुन्ना अवधिया, पंडित श्री दीपक गर्ग कुंडलपुर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आई एल अठया,प्राचार्य मुकेश गुजरे,संस्था प्राचार्य श्रीमती वंदना भोज, श्रीमती निशु नगोत्रा आदि ने मां सरस्वती ठाकुर जी के विग्रह के सामने दीप प्रज्वलित कर गीता महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया सरस्वती वंदना का सास्वर गायन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय एवं शासकीय संदीपनी मॉडल स्कूल पटेरा की छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से किया गया शंखनाद ध्वनि शिवकुमार उपाध्याय एवं रूप किशोर विश्वकर्मा ने स्वस्तिवाचन श्री जागेश्वर नाथ संस्कृत विद्यालय बांदकपुर के विद्यार्थियों एवं शिवकुमार उपाध्याय जी द्वारा किया गया। अतिथि परिचय लक्ष्मण विश्वकर्मा राज ताम्रकार नें दिया। सभी अतिथियों का स्वागत संस्था प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ नें किया। संस्कृत भाषा में अभिवादन संचालन अमित जैन नें किया। श्रीमद् भागवत गीता पाठ पंचदशा : अध्याय सामूहिक सास्वर गायन संदीपनी मॉडल कि छात्राओं नें, संक्षिप्त व्याख्या पंडित कुंजीलाल डिम्हा, उद्देश्य एवं लक्ष्य गीता के मुख्य अतिथि पंडित श्री प्रिया शरण महाराज भागवत आचार्य जी नें किया। आशीर्वचन पंडित आशुतोष उपाध्याय नें दिये। कृतज्ञता ज्ञापन श्रीमती वंदना भोज प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेरा एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी आई एल अठ्या जी ने किया। आरती नमामि नमामि पुष्पांजलि जय घोष कल्याण मंत्र प्रसाद अल्पाहार, संगठनात्मक, संयोजन, समीक्षा बैठक के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस महोत्सव का पंजीयन बिनय जैन ने, मंच व्यवस्था अभिषेक ताम्रकार, राजा विश्वकर्मा अमित जैन आर्यन दुबे सीताराम पटेल दूल्हे सिंह गोंडिया नासिर खान नीरज मिश्रा परशुराम मिश्रा राकेश सिंह रश्मि खरे चांदा चौराहा राजुल जैन प्राची राजपूत प्राची जैन प्रिंस जैन सुषमा चौरसिया सुरेंद्र सिंह राजपूत राजकुमार अहिरवार रमेश यादव अमित ताम्रकार दीपक चौरसिया सुरभि रैकवार अभिषेक पटेल हरिशंकर रैकवार सावित्री लोधी मनोज अठया मोहन रैकवार आदि का महोत्सव को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा। इसमें विकास खंड के शासकीय संदीपनी मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेरा से शिव कुमार उपाध्याय शासकीय पीएम श्री कन्या हाई स्कूल पटेरा से अरविंद पटेल शासकीय हाई स्कूल भाटिया से प्राचार्य अमजद खान शासकीय हाई स्कूल कोटा शिवाकांत चौबे शासकीय हाई स्कूल बिलाखुर्द मुलाम सिंह राजपूत नें एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि पंडित श्री प्रिया शरण महाराज वृंदावन को शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।